प्रादेशिक समाचार

22.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए नई दिल्ली के भारत मंडपम में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्व नेताओं और तकनीकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से मिलने का अवसर मिला।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने आज सदर प्रखंड अंतर्गत वार्ड संख्या–03 में मन की बात को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना।

****

नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर आज कोडरमा में सभी पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री देकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। कल जिले के झुमरी तिलैया नगर परिषद, डोमचांच नगर पंचायत और कोडरमा नगर पंचायत के लिए वोट डाले जाएंगे। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्रों के लिए सभी सामग्री और जरूरी निर्देश देकर रवाना कर दिया गया है।

वहीं पाकुड़ में कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण से जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने मतदान दल में शामिल कर्मियों को रवाना किया। प्रशासन ने बताया कि 10 मतदान केंद्र को थीम आधारित बूथ बनाया है। वहीं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि बाधारहित और भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर 450 जवानों की तैनाती की गई है। हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में संचालित डिस्पैच सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन समेत कई पदाधिकारी ने निरीक्षण किया।

इधर पलामू के पांचों नगर निकाय में कल 246 बूथों पर होने वाले मतदान के लिए के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन भी मौजूद रहीं।

उधर, जमशेदपुर में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जुगसलाई प्रखंड परिसर स्थित डिस्पैच सेंटर से चाकुलिया नगर पंचायत, जुगसलाई नगर परिषद और मानगो नगर निगम के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

****

नगर निकाय चुनाव को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए चार हजार पुलिस बलों की तैनाती का निर्णय लिया है, जिसमें एक हजार अधिकारी और तीन हजार जवान शामिल हैं। कल होने वाले मतदान के अवसर पर रांची नगर निगम और नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र में सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठान, दुकान एवं संस्थान बंद रहेंगे।

****

खूंटी के मुरहू प्रखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय पेसा प्रशिक्षण में शेड्यूल इलाकों में कार्य करने के तरीकों को विस्तार से समझाया गया। इसमें ग्रामप्रधान और वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि आदिवासी परंपराओं को संरक्षित करते हुए गांव गांव की सरकार को सशक्त करना है।

****

टाटानगर से होकर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर आगामी दिनों में असर पड़ेगा। रेलवे प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार 23 फरवरी से एक मार्च 2026 के बीच विभिन्न तिथियों में कई मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट तथा डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने बताया कि आसनसोल–आद्रा–आसनसोल मेमू पैसेंजर 24 और 25 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं आद्रा– विलियामनगर–आद्रा मेमू 26 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी। आद्रा–मेदिनीपुर–आद्रा मेमू 23, 24, 26, 27 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत पोड़ाहाट वन प्रमंडल के आनंदपुर रेंज स्थित कोलपोटका गांव में कल देर रात करीब डेढ़ दर्जन जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों ने गांव के निवासी धनेश्वर महतो और लोदरो मुंडा के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

****

पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र में बैटरी चोरी के शक में एक युवक की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। इससे गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

*********समाप्त*********